# यूपी में निवेश लाने को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के विकास का एजेंडा तय करते हुए औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की तैयारी फिर शुरू कर दी है। इसके लिए अगले 100 दिनों में एक भव्य ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन लखनऊ में किया जाएगा। इसमें उद्योग जगत के सभी प्रमुख औद्योगिक घरानों के मुखिया मौजूद रहेंगे। इसके जरिए 10 लाख करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश को यूपी में लाने की कवायद शुरू होगी। मुख्यमंत्री ने बुधवार को इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

राज्य में औद्योगिक निवेश बढ़ाने में अब 100 दिनों में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी अहम भूमिका निभाएगी। प्रदेश में करीब 10 लाख करोड़ के निवेश को आकर्षित करने की शुरुआत होगी। इसीलिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन के लिए उच्च स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। उद्योग जगत के नामी लोगों को इस आयोजन में आमंत्रित कर यूपी में बने औद्योगिक निवेश के माहौल को और बेहतर किया जाएगा।

इस समय 130 निवेशक 37,478.63 करोड़ रुपये का निवेश कर अपना उद्यम स्थापित कर रहे हैं और 449 निवेशक 86,842.89 का निवेश कर स्थापित करने में लगे हैं। राज्य की जीडीपी और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए इस तरह के औद्योगिक निवेश का आना जरूरी था।

कोरोना संकट के दौरान भी राज्य में 96 निवेशकों ने 66,000 करोड़ रुपये का निवेश यूपी में करने की पहल की।

- सीएम के निर्देश पर तैयारियां हो रहीं
- उद्योग जगत की हस्तियां आएंगी

## पिछले आयोजन में मिले थे 1045 निवेश प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में 21 और 22 फरवरी 2018 को इंवेस्टर्स समिट से यूपी की तस्वीर देश में बदलने की कोशिश की। उसी तर्ज पर प्रदेश में भव्य ग्राउंड सेरेमनी का आयोजन करने की तैयारी है। उस समय इंवेस्टर समिट में देश विदेश के बड़े निवेशकों ने 4.65 लाख करोड़ के 1045 निवेश प्रस्ताव सरकार को सौंपे थे। इनमें से 215 निवेशकों ने 51,240.25 करोड़ रुपये का निवेश कर अपने उद्यम स्थापित कर दिए हैं।